# VEER BAHADUR SINGH
# PURVANCHAL UNIVERSITY
# JAUNPUR, UTTAR PRADESH

**7.1.6 *Quality audits on environment and energy are regularly undertaken by the institution***

Registrar
V.B.S. Purvanchal University
Jaunpur

SERTIFIKA • CERTIFICAT • SERTIFIKAT • شہادة • ZERTIFIKAT

# Certificate of Registration

This is to certify that the Quality Management System of

## VEER BAHADUR SINGH PURVANCHAL UNIVERSITY

**JAUNPUR - 222003, UTTAR PRADESH, (INDIA)**

has been successfully assessed &
conforms with the following standard

# ISO 9001:2015

## Scope of Certification

**PROVISION TO PROVIDE EDUCATIONAL SERVICES FOR CERTIFICATE, DIPLOMA, VOCATIONAL, GRADUATION, POST GRADUATION, Ph.D., D.Litt., D.Sc. RESEARCH COURSES IN ARTS, APPLIED SOCIAL SCIENCE & HUMANITIES, SCIENCE, COMMERCE, MANAGEMENT, ENGINEERING, PHARMACY & LAW UNDER APPROVED SCHEDULED CRITERIA OF U.G.C., AICTE, PCI & BCI**

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | VEE/QMS/C23/3672 |
| Initial Registration Date | : | 18.03.2023 |
| Issue Date | : | 18.03.2023 |
| Surveillance 1 Audit Date | : | 18.02.2024 |
| Surveillance 2 Audit Date | : | 18.02.2025 |
| Re-Certification Due on | : | 18.02.2026 |
| Date of Expiry | : | 17.03.2026 |

Signature of Director

Accreditation No.: CB-MS-2809

**(Accredited by United Accreditation Foundation (UAF),**

400 North Center DR, STE 202, Norfolk, VA 23502, United States of America

**To Check Certification Status:**

www.saaracertification.com & www.uafaccreditation.org

**SAARA MANAGEMENT SYSTEM PRIVATE LIMITED**

F-7, Top Floor, Main Road, Kalkaji, New Delhi-110019, India

**E-mail:** saaramspl@gmail.com **Website:** www.saaracertification.com

*The validity of certificate is subject to regular surveillance audit on or before above mentioned dates and its only valid after successful surveillance with continuation letter issued by SMSPL. It is issued subject to the continued availability of access at any time and without notice to the above named organization's premises for the purpose of assessment and surveillance regarding the standard named above and SMSPL terms and conditions. The certificate is the property of SMSPL and shall be returned immediately when demanded

## Environmental promotional activities beyond and within the University campus

### Plantation program in Shibli College, Aazamgarh



वृक्षारोपण कार्यक्रम

जनपद- आजमगढ़

रोवर्स / रेंजर्स जनपद संयोजक डॉ. शफीउज़्ज़मां के नेतृत्व में आजमगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया। रामदेव मेमोरियल पी.जी. कालेज मुहम्मदपुर,सर्वोदय महिला डिग्री कालेज हरबंशपुर, शिब्ली पी.जी. कालेज आजमगढ़ आदि महाविद्यालयों में पौध रोपण किया गया। रोवर्स / रेंजर्स छात्र / छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण के अन्तर्गत छायादार व फलदार (मॉल श्री, अमलतास, आम, नींम, पीपल, अमरूद, अशोक इत्यादि का पौध रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत रोवर्स / रेंजर्स को वृक्षों की महत्ता, वर्षा के लिए वृक्षों की अनिवार्यता, पर्यावरण सुरक्षा, आयुर्वेदिक औषधि व बीमारियों में सहायक होने की विस्तृत जानकारी दी गयी। रोवर्स / रेंजर्स को एक वृक्ष गोंद और अपने सभी खुशी के पर्वो को यादगार बनाने के लिए वृक्ष लगाने की सलाह दी गयी। पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं पेड़ों की सुरक्षा हेतु प्रेरित किया गया।

**Plantation program in different colleges of Gazipur**



## वृक्षारोपण कार्यक्रम
### जनपद- गाजीपुर

जनपद गाजीपुर के रोवर्स/रेंजर्स जनपद संयोजक डॉ. मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया। बाबा रामचरित्र महाविद्यालय, घुरभारी महाविद्यालय, गाँधी सती स्मारक महाविद्यालय, बाबू नन्दन आदर्श महाविद्यालय, पी.जी. कालेज, गाजीपुर, जन भारती महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स छात्र/छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण के अन्तर्गत छायादार व फलदार (मॉल श्री, अमलतास, आम, नींबू, अमरूद, वकाइन इत्यादि का पौध रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत रोवर्स/रेंजर्स को वृक्षों की महत्ता, आयुर्वेद व बीमारियों में सहायक होने की विस्तृत जानकारी दी गयी। रोवर्स/रेंजर्स को एक वृक्ष गोद लेने की सलाह दी गयी और पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी सुरक्षा हेतु प्रेरित किया गया।

## One Student One Tree campagin: Plantation program in different colleges of Gazipur



**Workshop on Environment Awareness in Science faculty of the University**
**28 April 2018**




**On the occasion of the 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi, a rural awareness campaign was conducted in Jasopur village by NSS volunteers 30.09.2018**



**71 Peepal saplings were planted in the campus and 501 saplings were planted in all the colleges affiliated to the University occasion of PM Shri Narendra Modi's 71st birthday.**

# पीएम के जन्मदिवस पर पीयू में लगाए गए 71 पीपल के पौधे



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के **71** में जन्मदिवस पर गुरुवार को पीपल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मुक्तांगन में किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत परिसर में **71** पीपल के पौधे लगाए गये और विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी कॉलेजों में **501** पौधे लगाए गये।

मुक्तांगन परिसर में पौधरोपण करने के बाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर निर्मला एस. मौर्य ने प्रधानमंत्री को बधाई और शुभकामनाए देते हुए कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी प्रगति की ओर है । राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक श्री राकेश कुमार यादव ने कहा कि देश को एक ऐसा नेतृत्व मिला है, जिसने लोक कल्याणकारी नीतियों से वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है और एक मजबूत भारत की नींव रखी है। इस अवसर पर वित्त अधिकारी एमके सिंह, कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, डॉ.केएस तोमर, डॉ जगदेव, डॉ. मनोज मिश्र, मीडिया प्रभारी एवम् चीफ़ वार्डेन डॉ. राज कुमार, डॉ. सुनील कुमार, विनय वर्मा, डॉ राजेश सिंह, अनिल मौर्य समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

**Plantation of Saplings in University campus: 7 Dec 2020**



**Tree plantation program: One Student One Tree Campaign**



**Plantation of 59246 saplings including 9451 Pipal sapling in nearby four district of the Jaunpur: 04.07.2021**

Sunday, 4 July 2021

# मानव जीवन पर्यावरण संरक्षण से ही संभव: कुलपति

धरती पर ऑक्सीजन का एकमात्र स्रोत है वृक्ष: कुलसचिव
विश्वविद्यालय के सभी जनपदों में **59246** पौधे रोपे गये



शासन के निर्देश पर राष्ट्रीय योजना रोवर्स -रेंजर्स, खेलकूद परिषद एवं उद्यान विभाग के सहयोग से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आज वृहद पौधारोपण अभियान के तहत कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने विश्वविद्यालय परिसर में पीपल के पौधरोपण से आभियान की शुरुआत की। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय को आवंटित लक्ष्य **69720** के सापेक्ष रविवार को चारों जनपदों में कुल **59246** पौधे रोपित किए गए जिसमे **9451** पीपल के पौधे भी सम्मिलित है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मंगलाचरण में सबसे पहले प्रकृति और पर्यावरण की ही आराधना और शांति की कामना की गयी है तथा हमारे ऋषि-मुनियों ने ब्रह्मांड में, वायु, औषधियों और वनस्पतियों के शांति की कामना इसीलिए की हैं कि इनके अस्तित्व से ही इंसान का जीवन सुरक्षित है। पर्यावरण को शुद्ध व संरक्षित रखने से मनुष्य और प्राणियों का जीवन भी सुरक्षित रहेगा।

## Webinar on World Ozone Day: 16.09.2021



भारत व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# तेजस टूडे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

मुख्य संस्करण (जौनपुर) पृष्ठ 08, मूल्य 2 रुपये

डिजिटल खबर एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 8081732332 9918557796 www.aapkiummid.com

तेजस टूडे डाट काम की नई पेशकश अब घर बैठे कमा सकते है दिन के हजार रुपये प्रति समाचार व वीडियों पर मात्र 500 व्यू लाये 50 रुपये पाये www.tejastoday.com Deepak Jaiswal 7007529997 अभी Play Store से डाउनलोड करें Tejas Today Apps

4 डिजिटल करेंसी स्थया की राह आसान नहीं | वर्ष 12, अंक 268, शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 | जेसीआई जौनपुर ने महान दिवस का किया आयोजन 8

## विश्व ओजोन दिवस पर वेबिनार का हुआ आयोजन

तेजस टूडे ब्यूरो

**जौनपुर।** विश्व ओजोन दिवस पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भइया संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग द्वारा जीवन के लिए ओजोन विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने बताया कि ओजोन परत किस तरह से हमारी सुरक्षा करती है एवं इसके न होने से क्या नुकसान हो सकते हैं। मुख्य वक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के आचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने जीवन के लिये ओजोन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस तरह से पृथ्वी के वायुमंडल की संरचना एवं ओजोन लेयर का निर्माण होता है और कैसे ओजोन लेयर को वायु प्रदूषण नुकसान कर रहे हैं एवं किस तरह से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान ओजोन लेयर में सुधार हुआ।

संयोजक डा. श्रवण कुमार ने बताया कि हम विश्व ओजोन दिवस इसलिए मनाते हैं क्योंकि 16 सितम्बर 1987 को संयुक्त राष्ट्र संघ के देशों द्वारा ओजोन परत को नष्ट करने वाले प्रदूषकों की रोकथाम हेतु मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये गये थे। विश्व ओजोन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य जनमानस को इस जीवनदायिनी ओजोन परत के प्रति जागरूक करना एवं इसके संरक्षण के लिये प्रयास करना है। अतिथियों का स्वागत रज्जू भइया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत यादव ने किया। इस वेबिनार में देश के लगभग 10 राज्यों से शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर डा. प्रमोद यादव, डा. राजकुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. मिथिलेश यादव, डा. श्याम कन्हैया, डा. नीरज अवस्थी, डा. नितेश जायसवाल, डा. अजीत सिंह, डा. आशीष वर्मा, दीपक कुमार मौर्य, दिनेश वर्मा, डा. धीरेन्द्र चौधरी, संदीप वर्मा, डा. सुजीत चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## Poster competition on Earth Day in women Hostel: 22.04.2022



**Tree plantation program in University campus on Earth Day: 22.04.2022**



**Large scale plantation programme during Amrit Mahotsav on 05.07.2022**

